# ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०४ | अंक : ५१ | मुंबई, शुक्रवार, २३ नवंबर से २९ नवंबर २०१८ RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये

## ठेकेदारों से दंड वसूलने के बाद भी खाने की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं-मंसूर दरवेश

**आसिफ खान**

**मुंबई,** आरटीआई कार्यकर्ता मंसूर दरवेश ने लंबी दूरी की ट्रेनों में परोसे जानेवाले खाने की गुणवत्ता के संदर्भ में आईआरसीटीसी को मिलनेवाली शिकायतों की जानकारी मांगी थी। सूचना अधिकार के तहत मांगी गई इस जानकारी में मुंबई राजधानी, अगस्त क्रांति, दूरंतो और महाराष्ट्र के पश्चिम विभाग की ट्रेनों में सफर करनेवाले यात्रियों द्वारा ट्रेनों में मिलनेवाले खाने की शिकायतों का पूरा ब्योरा मांगा था। आईआरसीटीसी के मुताबिक राजधानी, दूरंतो और तेजस में मिलनेवाले खाने की गुणवत्ता को लेकर रोजाना औसतन एक यात्री शिकायत करता है। वर्ष २०१७ में इन ट्रेनों में परोसे जानेवाले खाने को लेकर ३२३ शिकायतें मिली हैं, जबकि वर्ष २०१८ में सितंबर तक ३२९ शिकायतें यात्रियों से मिली हैं जबकि अन्य ट्रेनों में खाने को लेकर वर्ष २०१७ में १,२५८ और सितंबर २०१८ तक २,२८८ शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों के आधार पर वर्ष २०१७ में ५५ लाख ६४ हजार रुपए और वर्ष २०१८ में सितंबर तक करीब ५५ लाख रुपए का दंड ठेकेदार से वसूला गया है। मंसूर दरवेश का कहना है कि ठेकेदारों से दंड वसूलने के बाद भी खाने की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं आ रहा है। इस संबंध में आईआरसीटीसी के प्रवक्ता पिनाकिन मोरावाला ने कहा कि शिकायतों को ध्यान में रखकर खाने की गुणवत्ता में सुधार कराया जा रहा है।




## महबूबा मुफ्ती ने सरकार बनाने का दावा पेश किया


# ५६ विधायकों के समर्थन की चिट्ठी राज्यपाल को भेजी



**शाईस्ता शेख**

**नई दिल्लीः** जम्मू-कश्मीर की राजनीति में बड़ा उलटफेर हुआ है. पीडीपी ने जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का दावा किया है. इसके लिए ५६ विधायकों के समर्थन की चिट्ठी राज्यपाल को भेज दी गई है. बता दें कि जेएंडके में सरकार बनाने के लिए कुल ४४ विधायकों की जरूरत है और पीडीपी ने ५६ विधायकों के समर्थन के साथ सरकार बनाने का दावा कर दिया है. २१.११.२०१८ की शाम को ही खबर आई थी कि कांग्रेस, पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गठबंधन हो रहा है. कल तक एक दुसरे के कट्टर दुश्मन रहे तीन विपक्षी दल एक साथ मिलकर सरकार बना रहे हैं. इस गठबंधन की घोषणा आज श्रीनगर में हो गई. पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने मिलकर जम्मू कश्मीर में सरकार बनाने का फैसला किया है और राज्यपाल से मिलकर दावा भी कर दिया है.

पीडीपी नेता अल्ताफ बुखारी ने कहा कि विपक्षी दलों के ६० विधायकों के साथ आ रहे हैं. हालांकि समर्थन की चिट्ठी में ५६ विधायकों के ही नाम बताए जा रहे हैं. उन्होंने कहा था कि कश्मीर के स्पेशल स्टेटस, धारा ३७० और ३५ (ए) को बचाने के लिए सभी साथ आ रहे हैं.




## ताजमहल में नमाज को लेकर बढ़ा विवाद, महिलाओं ने पूजा-आरती कर छिड़का गंगाजल





ताजमहल में नमाज के बाद शनिवार को राष्ट्रीय महिला परिषद की तीन सदस्यों ने पूजा और आरती की। सुबह तीनों महिलाओं ने राष्ट्रीय बजरंग दल के सदस्यों के साथ ताज के अंदर मस्जिद की ओर जाकर जलाभिषेक किया और फिर धूप बत्ती जलाई। उन्होंने जय श्रीराम और ओम नम: शिवाय के मंत्रों का उच्चारण किया। ताज के अंदर पूजा और आरती का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। एएसआई ने इस मामले में तीनों महिलाओं के खिलाफ थाना पुलिस में शिकायत की है और सीआईएसएफ से पूजन सामग्री अंदर जाने पर जवाब तलब किया है।शनिवार को जारी हुए इस वीडियो में राष्ट्रीय महिला परिषद की जिलाध्यक्ष मीना दिवाकर और उनकी दो साथी दिखाई दे रही हैं। तीनों महिलाएं पहले जलाभिषेक करती हैं और उसके बाद वे ताजमहल के एक कोने में जाकर धूप बत्ती जलाते हुए आरती करती हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग

**इस्माईल खान**

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने मतदान के लिए ईवीएम मशीन का विरोध करने वालों को बड़ा झटका देते हुए आगामी विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के लिए बैलेट पेपर के जरिए मतदान कराने की याचिका खारिज कर दी। देश की सबसे बड़ी अदालत में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से मतदान की याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने कहा कि हर मशीन में दुरुपयोग की संभावना बनी रहती है और हर सिस्टम पर संदेह जताया जा सकता है। उन्होंने चुनाव में मतदान के लिए बैलेट पेपर इस्तेमाल करने की याचिका ठुकरा दी।



सुप्रीम कोर्ट में आगामी ५ राज्यों में विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर के जरिए मतदान कराने संबंधी आदेश चुनाव आयोग को जारी करने को लेकर याचिका दायर की गई थी।

देश में कई राजनीतिक दलों ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। पिछले साल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने ईवीएम पर सवाल उठाया था। उन्होंने विधानसभा चुनावों में बीजेपी के पक्ष में छेड़छाड़ कर वोट डलवाने का आरोप लगाया था।

इसके बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अप्रैल, २०१७ में दिल्ली नगर निगम चुनावों में ईवीएम के बजाए मतपत्रों के इस्तेमाल की मांग की गई थी। इसके बाद कई पार्टियों ने ईवीएम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

## केजरीवाल पर मिर्च पाउडर फेंका, चश्मा भी टूटा



**नई दिल्ली,** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर चिली पाउडर फेंका गया है। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक केजरीवाल की आंख में चिली पाउडर गिरा है। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने चिली पाउडर फेंकने वाले शख्स को पकड़ लिया है। इस बीच धक्का-मुक्की में केजरीवाल का चश्मा भी टूट गया। उधर, आप नेता राघव चड्ढा ने इसे केजरीवाल की सुरक्षा में बड़ी चूक बताया है।

मंगलवार को केजरीवाल दिल्ली सचिवालय में अपने दफ्तर में आए हुए थे। रिपोट्र्स के मुताबिक यह हमला तब हुआ जब केजरीवाल तीसरी मंजिल पर अपने चेंबर से भोजन करने के लिए निकले थे। चेंबर के बाहर ही आरोपी युवक खड़ा था। वह माचिस की डिबिया में चिली पाउडर लेकर आया था। पुलिस ने चिली पाउडर फेंकने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसे इंद्रप्रस्थ पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। आरोपी का नाम अनिल कुमार शर्मा बताया जा रहा है।

आम आदमी पार्टी ने इसे दिल्ली के सीएम पर खतरनाक हमला करार दिया है। पार्टी ने दिल्ली पुलिस पर भी सवाल खड़े किए।ंइ के ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया, 'मुख्यमंत्री दिल्ली में भी सुरक्षित नहीं हैं।' आपको बता दें कि पहले भी केजरीवाल के साथ इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे पहले दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान एक महिला ने केजरीवाल पर स्याही फेंक दी थी। एक रैली के दौरान ऑटो चालक ने केजरीवाल को थप्पड़ भी मारा था।

## वापस करो मुआवजे की रकम - 'रेप' पीड़िता से कोर्ट ने कहा

**जाफर शेख**

**मुंबई।** देश में ऐसा पहली बार ही हुआ होगा कि किसी कथित रेप पीड़िता को दिए गए मुआवाजे की रकम वापस करनी पड़ी हो. मामला मुंबई का है. यहां की एक विशेष अदालत ने सोमवार को अपने एक फैसले में कथित रेप पीड़िता को दिए गए २ लाख रुपये के मुआवजे की रकम वापस करने के आदेश दिए हैं. दरअसल, अप्रैल २०१५ में मुंबई में रहने वाली एक नाबलिग लड़की के माता-पिता ने मुंबई पुलिस से उनकी बेटी के अपहरण की शिकायत दर्ज करवाई थी. इस शिकायत के बाद जब पुलिस ने जांच शुरू की, तो नाबालिग लड़की ने अपने साथ रेप किए जाने की बात पुलिस को बताई. आरोप २४ वर्षीय पड़ोसी लड़के पर लगा, जिसके लिए उसे जेल भी जाना पड़ा. लड़की ने आरोप लगाया कि लड़के ने उसके साथ रेप किया. जिसके बाद पुलिस ने लड़के को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. उसके बाद रेप पीड़िता को महाराष्ट्र सरकार की स्कीम 'मनोधैर्य' के तहत २ लाख रुपये की मदद राशि दी गई थी. लेकिन, जब मामला कोर्ट



पहुंचा और केस की सुनवाई अपने आखिरी दौर में आई, तब लड़की कोर्ट में अपने बयान से पलट गई.

लड़की ने बताया कि उसका रेप नहीं हुआ है और जब यह घटना हुई थी तब वह नाबालिग भी नहीं थी. वह अपनी मर्जी से ही लड़के के साथ गई थी. इसके साथ ही लड़की ने कोर्ट को बताया कि साल २०१७ में उसकी आरोपी लड़के के साथ शादी भी हो चुकी है, जिससे एक बच्चा भी है.

इसके पहले लड़की ने पुलिस में एफआईआर दर्ज करवा कर बयान दिया था कि लड़के ने शादी का झांसा देकर जबरन कई बार शारीरिक संबंध बनाये थे, लेकिन जब लड़के के माता-पिता ने लड़की को ना पसंद कर दिया, तो लड़के ने भी शादी से मना कर दिया था. लड़की के बयान बदल देने के बाद पुलिस ने लड़की के खिलाफ कोर्ट में पुलिस को गुमराह करने का केस कर दिया, लेकिन कोर्ट ने इस मामले में रहम दिखते हुए लड़की के खिलाफ कोई सज़ा का फैसला नहीं सुनाया. कोर्ट ने लड़की को सरकार की तरफ से दी गई आर्थिक मदद वापस करने को कहा. कोर्ट ने इसके लिए लड़की को ६ महीने की मोहलत दी है. मामले में सरकारी वकील गीता शर्मा ने बताया, 'लड़की ने जब अपना बयान बदला, तो पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया था, लेकिन कोर्ट ने लड़की की पारिवारिक स्थित देखते हुए उसे सजा नहीं दी है. सिर्फ 'मनोधैर्य' स्कीम के जरिये मिली रकम को वापस करने के आदेश दिए हैं. 'मनोधैर्य' महारष्ट्र सरकार की स्कीम है, जिसमें रेप पीड़िताओं और एसिड अटैक विक्टिम को आर्थिक सहायता दी जाती है.




## सैक्स रैकेट चलाने के आरोप में डांस कोरियोग्राफर गिरफ्तार

**मुंबई :** डांस के नाम पर विदेश भेजकर जबरन वेश्यावृति कराने वाली कोरियोग्राफर को मुंबई क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिला डांस एकडेमी के नाम पर सेक्स रैकेट चलाती थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि गिरफ्तार की महिला कोरियोग्राफर का नाम एग्नेस हैमिल्टन है। एग्नेस अंधेरी के आदर्श नगर में लड़कियों को डांस ट्रेनिंग की एकेडमी चलाती थी। यहां डांस सीखने आने वाली लड़कियों को मोटी कमाई का झांसा देकर विदेशो में डांस के लिए भेजा करती थी। लड़कियों को खुद की फिल्म सितारे के साथ खींची गई फोटोज दिखा कर सतरंगी सपने दिखाकर जाल में फंसाती थी।

एग्नेस के पास जून में एक लड़की डांस सीखने के लिए आई। तभी एग्नेस हैमिल्टन ने उसे बताया कि उसकी दोस्त राजिया पटेल केन्या के नैरोबी में रहती है और दो डांस क्लब चलाती है और उसे वहां नौकरी मिल सकती है। लड़की सहमत हो गई और औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद उसे जुलाई में केन्या भेज दिया। लड़की को प्रति महीना १.५० लाख रुपए देने का वादा किया गया था। लेकिन वंहा जाने के बाद डांस क्लब में उसे एवं अन्य लड़कियों को रात ८ बजे से सुबह ४ बजे तक डांस करवाया जाता था। डांस बार में उनके डांस पर लोग पैसे लुटाते थे। इसके बाद जबरन गंदा काम करवाया जाता था, नहीं करने पर मारा पीटा जाता था।

### छीन लिया पासपोर्ट

ज्यादततियों से तंग आकर लड़कियों ने वापस आने की कोशिश की तो उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है। इस बीच अचानक एक दिन केन्या पुलिस ने उस डांस क्लब में छापा मारा तो इसका खुलासा हुआ। छापे में पकड़ी गई लड़की को वापस मुंबई भेजा गया। मुंबई आने के बाद उसने घटना की जानकारी घर वालों को दी। इसके बाद इस की शिकायत सहार पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई। क्राइम ब्रांच यूनिट-५ ने जांच कर



सेक्स रैकेट चलाने वाली महिला को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया जंहा उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।



## संपादकीय...

# चुरु के खजाने

*अधिकतर कुंडों पर स्वामित्व निजी लोगों का है, फिर भी कुछ का निर्माण सार्वजनिक उपयोग के लिए भी किया गया है (अनिल अग्रवाल/ सीएसई)*

*थार मरूस्थल का प्रवेश द्वार चुरु जिला एक निर्जन दिखने वाला क्षेत्र है। यहां आक-जवास के झाड़ और जगह बदलते बालू के ढूंह भरे पड़े हैं। गर्मी के दिनों में हर साल निश्चित रूप से यहां का तापमान सबसे अधिक रिकॉर्ड किया जाता है। यहां के कुएं खारे और काफी गहरे होते हैं। पाइपों से अनियमित सप्लाई वाला पानी घरेलू जरूरतों को भी पूरा नहीं कर पाता। इस समस्या से निपटने के लिए यहां गांववालों ने खुद मॉनसून में जल को इकट्ठा करने के लिए कुंडों को तैयार किया है।*

*लहसेडी गांव के रण सिंह, जो कुंडों को तैयार करने वाले माने हुए मिस्त्रियों में से एक हैं, के अनुसार, 'एक अच्छे कुंड को तैयार करना काफी कठिन काम है। इसके लिए जमीन पर उगे पेड़-पौधों को साफ करना होता है। आगोर को तैयार करने में काफी सावधानी बरतनी पड़ती है।' पांच मीटर गहरे और २.५ मी. व्यास के कुंड को तैयार करने में २५ दिन लगते हैं और कुल खर्च १२,००० रुपए आता है। तैयार किए गए कुंड को 'भिडा' से ढका जाता है। पारंपरिक तौर पर आसानी से उपलब्ध फोग की लकड़ी से इसको तैयार किया जाता था। जिस पर बाद में मिट्टी लेप दी जाती थी। आजकल इसके लिए बलुआ पत्थर या सीमेंट का प्रयोग होता है।*

*हालांकि अधिकतर कुंडों पर स्वामित्व निजी लोगों का है, फिर भी कुछ का निर्माण सार्वजनिक उपयोग के लिए भी किया गया है। निहाल सिंह कहते हैं, 'गांव (लहसेडी) के बाहर चुरु के एक बनिये ने सौ वर्ष पहले एक बड़े कुंड का निर्माण करवाया था।' इससे चुरु और हिसार के बीच पुराने ऊंटों वाले मार्ग पर चलने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलती थी। एक अन्य प्रसिद्ध सार्वजनिक कुंड डाडरेवा में, जो चुरु और बीकानेर के बीच यात्रा करने वाले लोगों का नामी पड़ाव हुआ करता था, सन १९५७ में तैयार करवाया गया था। इसकी देखभाल करने वाले सुंगा राम शर्मा काफी गर्व से बताते हैं, 'यह यात्रियों की साल भर सेवा करने के अलावा योद्धा संत गोगाजी चौहान की समाधि पर सावन के महीने में आने वाले करीब १५ लाख तीर्थयात्रियों की भी सेवा करता है।'*

*पिछले वर्ष इस गांव को राजस्थान नहर से जोड़ा गया था और एक १०,००० लीटर की क्षमता वाली एक टंकी का निर्माण भी गांव में करवाया गया था, फिर भी यहां पानी की सप्लाई काफी अनियमित है। गर्मी के दिनों में यहां सप्ताह में सिर्फ एक ही दिन पानी आता है। चंद्रावती देवी के अनुसार, 'इसके बाद कुंड का ठंडा पानी ही हमारी प्यास बुझाने का एकमात्र सहारा होता है। नल के पानी का उपयोग पशुओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाता है।'*

*कुंड का पानी पशुओं की भी प्यास बुझाता है। चुरु-बीकानेर राजमार्ग पर स्थित न्यांगली गांव के थोड़ा बाहर एक बड़े कुंड का निर्माण सोबाक सिंह ने सन १९५७ में करवाया था, जिसका हौज ७ मीटर गहरा और इसका आगोर कोयला-राख से तैयार किया गया था। इस कुंड के बाहर एक छोटा हौज था, जिसे एक नाली के द्वारा जोड़ा गया था। इसमें पशुओं के पीने के लिए पानी रखा जाता था। चंद्रावती के अनुसार, आज यह नाली क्षतिग्रस्त हो गई है। अब हम पास के छोटे कुंड के पानी को अपने जानवरों के लिए प्रयोग में ला रहे हैं। राजस्थान नहर के आने से कुंडों की हालत काफी खराब है और लहसेडी में पिछले पांच वर्षों के दौरान, सिर्फ गिने-चुने कुंडों की खुदाई की गई है। यहां पानी की आपूर्ति काफी अनियमित है, इसलिए गांववालों ने कुंडों की पूरी तरह उपेक्षा नहीं की। न्यांगली के कंवरपाल सिंह बताते हैं, 'अब हम इन्हें पानी के एक अतिरिक्त स्त्रोत की भांति देखते हैं।' पर डाडरेवा में, जहां पानी की सप्लाई थोड़ी अधिक नियमित है, अधिकतर घरों में कुंड नहीं रह गए हैं। हालांकि राजस्थान सरकार ने सत्तर के दशक के शुरू से ही कुंडों को छोटे स्तर पर की जाने वाली सिंचाई और पीने के पानी जैसी जरूरतों के लिए बढ़ावा देना शुरू किया था, परंतु उसने कुडों को पीने के पानी के संकट को दूर करने के एक अनुपूरक स्त्रोत की भांति ही माना है। चुरु के लगभग ९५० गांवों में पानी उपलब्ध कराने के बाद सरकार का मानना है, 'कुंड सीमित मांग की ही पूर्ति कर सकते हैं।' ऐसा ही कुछ चुरु के जिला कलक्टर, आर. एन. अरविंद भी मानते हैं। पिछले वर्ष सरकार ने व्यक्तिगत रूप से कुंडों के निर्माण के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता पर रोक लगा दी थी। पर अरविंद का मानना है, 'इस जिले के लोग इस व्यवस्था को जारी रखना चाहते हैं और जिला प्रशासन भी इसका समर्थन करता है।' केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जवाहर रोजगार योजना के तहत पंचायतों को, सार्वजनिक उपयोग के लिए कुंडों का निर्माण कराने के लिए, आर्थिक सहायता दी जाती है।*

## बॉलीवुड समाचार



# तनुश्री दत्ता ने खुद की कमी छिपाने के लिए झूठे आरोप लगाए: गणेश आचार्य

**ऐक्ट्रेस** तनुश्री दत्ता ने ऐक्टर नाना पाटेकर पर यौन





शोषण के आरोप लगाए हैं। इस मामले में उन्होंने कोरियॉग्राफर गणेश आचार्य पर भी ऐक्टर का साथ देने और अश्लील कोरियॉग्राफी प्लान करने का आरोप लगाया था। अब इस मामले में गणेश आचार्य का पक्ष सामने आया है।गणेश आचार्य ने अपनी वकील के माध्यम से जारी १२ पेज के लेटर में लिखा कि तनुश्री दत्ता सेट पर परफॉर्म करने की अपनी कमी को छिपाने के लिए गलत आरोप लगा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि फिल्म 'हॉर्न ओके' जिसे लेकर विवाद हुआ वह पहले से ही ग्रुप डांस सॉन्ग था, जिसमें करीब १०० डांसर्स को कास्ट किया गया था।

उन्होंने कहा कि इस गाने के लिए साल २००८ में मार्च १७ से २० तक शरीक हॉल में प्रैक्टिस की गई थी। आचार्य ने आरोप लगाया कि तनुश्री के नखरों के कारण उन्हें और उनके असिस्टेंट डांसर्स को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

गणेश आचार्य ने उन आरोपों का भी खंडन किया जिसमें कहा गया था कि उन्होंने डांस के लिए अश्लील स्टेप्स कोरियॉग्राफ किए। उन्होंने बताया कि लंच के दौरान तनुश्री अपनी वैन में चली गईं और जब लौटीं तो वह परफॉर्म नहीं कर पा रही थीं। तनुश्री दत्ता ने आरोप लगाया है कि साल २००८ में आई फिल्म हॉर्न ओके प्लीज के लिए उन्हें एक आइटम नंबर शूट करना था। शूटिंग के दिन नाना पाटेकर भी सेट पर मौजूद थे। तनुश्री का आरोप है कि शूट के बीच में नाना उनके नजदीक आए और उन्होंने उन्हें गलत तरीके से छूना शुरू कर दिया। विरोध करने पर नाना ने उनसे बदतमीजी भी की। तनुश्री ने अपने आरोपों में यह भी कहा कि उन्होंने सॉन्ग के लिए नाना के साथ इंटीमेट सीन शूट करने से मना कर दिया था, जिससे नाना पाटेकर का ईगो हर्ट हो गया। इसके बाद तनुश्री को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कथित तौर पर उनकी गाड़ी पर भी हमला किया गया था।

# हाथों में हाथ थाम यूं साथ आए दीपिका-रणवीर

**रणवीर** सिंह और दीपिका पादुकोण का बेंगलुरु में २१ नवंबर को रिसेप्शन रखा गया था। इस रिसेप्शन में कई सितारों के साथ ही दीपिका के परिवार से जुड़े दोस्त और रिश्तेदार शरीक हुए। इस कार्यक्रम के दौरान यह न्यूली मैरिड जोड़ा बेहद खूबसूरत लग रहा था। अभी से ही आइडल कपल बन चुके रणवीर और दीपिका रिसेप्शन के दौरान भी एक-दूसरे की केयर करते दिखे। फैन्स की भीड़ के बीच दीपिका को अपने हाथों से बाचने वाले रणवीर यहां पर दीपिका का हाथ थामे दिखे। रिसेप्शन प्लेस पर एंट्री करते हुए जब यह कपल सीढ़ियों से नीचे आ रहा था तब रणवीर ने दीपिका का हाथ थामे रखा। स्टेज तक दोनों ऐसे ही साथ दिखे। स्टेज के पास पहुंचते ही रणवीर ने पहले दीपिका को सीढ़ियों से ऊपर चढ़ाया उसके बाद वह पहुंचे। यहां भी उन्होंने दीपिका का ध्यान रखना नहीं छोड़ा और प्यार से उनकी साड़ी का पल्लू ठीक किया। इस दौरान दीपिका उन्हें प्यार से देखती रहीं। उनके चेहरे पर बड़ी सी स्माइल उनकी खुशी साफ जाहिर कर रही थी। इसके बाद फोटो के लिए पोज देने के दौरान भी दोनों बार-बार एक-दूसरे की तरफ देखते रहे और मुस्कुराते रहे। बेंगलुरु रिसेप्शन के लिए



दीपिका और रणवीर रॉयल लुक में दिखे। रणवीर ने जहां गोल्डन वर्क के साथ ब्लैक शरेवानी चुनी थी वहीं दीपिका गोल्डन सिल्क साड़ी में दिखीं। इसे उन्होंने हैवी जूलरी पहनी थी। बालों में उन्होंने जूड़ा बनाते हुए उस पर गजरा लगाया था। साथ ही मांग में सिंदूर और माथे पर लाल बिंदी भी लगाई थी।

# वरुण धवन ने शेयर की ऐसी फोटो कि फैन्स बोले, 'उफ्फ...

ऐक्टर वरुण धवन सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा ऐक्टिव रहने वाले सितारों में से एक हैं। वह अक्सर ही अपने विडियोज और फोटोज फैन्स के साथ शेयर करते नजर आते हैं। हाल ही में उन्होने फिल्म 'कलंक' के सेट और उसके लिए चल रही उनकी तैयारी से जुड़े विडियो व तस्वीरें भी साझा की थी। एक बार फिर वरुण कुछ ऐसा ही करते नजर आए। वरुण ने अपनी बैक की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। इसमें उनकी पीठ पर चोट के निशान साफ देखे जा सकते हैं। ऐक्टर ने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 'कलंक-battlescars~ शुरू तूने किया खत्म मैं करूंगा। #therealdeal~'

वरुण धवन की पीठ पर चोट के निशान देख फैन्स ने अलग-अलग तरह के रिऐक्शन दिए। कुछ फैन्स ने इन्हें मैनली बताया और ऐक्टर के हार्ड वर्क की तारीफ की। इसके साथ ही उन्हें फिल्म के लिए शुभकामनाएं भी दीं। वहीं कुछ फैन्स वरुण को लेकर चिंता करते भी दिखे। यूजर्स ने ऐक्टर को सुझाव दिया कि वह शूटिंग के दौरान सावधानी बर्तें। एक फैन से वरुण की चोट देखी नहीं गई और उसने लिखा, 'उफ्फ... ये क्या किया वरुण। प्लीज सावधानी से रहें।' हालांकि, कुछ यूजर्स ऐसे भी रहे जिन्होंने सवाल किया कि यह निशान असली हैं या फिर नकली। बता दें कि, 'कलंक' करण जौहर की मल्टी स्टारर फिल्म है जिसमें वरुण धवन के साथ ही आलिया भट्ट, संजय दत्त, माधुरी दीक्षित, आदित्य रॉय कपूर और सोनाक्षी सिन्हा अहम रोल में हैं। यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

# सचिन तेंदुलकर का पेरेंट्स को संदेश, बच्चों को उनके सपने के पीछे भागने दीजिए..

**नई दिल्ली:** क्रिकेट की दुनिया में भगवान का दर्जा पा चुके भारत के पूर्व



कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने आज के दौर के माता-पिताओं को संदेश देते हुए कहा है कि उन्हें बच्चों को उनके सपने सच करने में मदद करनी चाहिए न कि उन पर अपने सपने थोपने चाहिए. सचिन यहां त्यागराज स्टेडियम में विश्व बाल दिवस के मौके पर मंगलवार को यूनिसेफ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे. सचिन ने कहा कि बच्चे गलतियां करेंगे लेकिन माता-पिता को इस दौरान उनकी ताकत बनना है. मास्टर ब्लास्टर ने कहा, 'बच्चे गलतियां करेंगे, लेकिन उनके पंख मत काटिए. उनकी ताकत बनिए, उन्हें समझिए, उनके साथ खड़े रहिए. बच्चों पर अपने सपने मत थोपिए, उन्हें अपने सपने पूरे करने दीजिए.' सचिन ने अपने संदेश में तैयारी के महत?व पर जोर दिया और कहा कि अगर बच्चे तैयारी नहीं करेंगे तो असफल रहेंगे. सचिन ने कहा, 'हमारी अपनी समस्याएं होती हैं, लेकिन हमारे जुनून के कारण हमारा ध्यान बंट जाता है. ध्यान हमेशा समस्या के समाधान तलाशने पर होना चाहिए न कि समस्या पर. हर चीज के लिए तैयारी की जरूरत होती है. अगर आप तैयारी करने में असफल होते हैं तो आप असफल होने के लिए तैयारी कर रहे हैं. इस बात को समझिए. हमें हर चीज के लिए तैयारी करनी होती है. मुझे भी हर मैच के लिए तैयारी करनी पड़ती थी.'

# BCCI सीईओ जौहरी पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के सीईओ राहुल जौहरी के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों को तीन सदस्यीय जांच समिति ने बुधवार को मनगढंत बताकर खारिज कर दिया। हालांकि प्रशासकों की समिति (सीओए) में जौहरी के काम पर लौटने को लेकर मतभेद हैं।



सीओए की सदस्य डायना इडुल्जी ने उनके इस्तीफे की मांग दोहराई है। जौहरी पिछले तीन सप्ताह से छुट्टी पर भेज दिए गए थे, लेकिन अब वह काम पर लौट सकेंगे। जांच समिति की एक सदस्य ने हालांकि उनके लिए लैंगिक संवेदनशीलता काउंसलिंग की मांग की है।इस मसले पर दो सदस्यों वाले सीओए का रुख बंटा हुआ था। सीओए के अध्यक्ष विनोद राय ने जौहरी के काम पर लौटने को मंजूरी दे दी है, लेकिन इडुल्जी ने कुछ सिफारिशों के आधार पर उनके इस्तीफे की मांग की है जिसमें काउंसलिंग भी शामिल है। तीन सदस्यों वाली जांच समिति में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राकेश शर्मा, दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष बरखा सिंह और वकील एवं कार्यकर्ता वीना गौड़ा शामिल थे। वीना ने जौहरी के लिए काउंसलिंग की सिफारिश की। जांच समिति के प्रमुख शर्मा ने अपने निष्कर्ष में कहा कि शिकायतकर्ता अपने मामलों को साबित करने में नाकाम रहे। कार्यालय या कहीं और यौन उत्पीड़न के आरोप झूठे, आधारहीन और मनगढ़ंत हैं जिनका मकसद जौहरी को नुकसान पहुंचाना और उन्हें बीसीसीआई से बाहर करवाना था। सोशल मीडिया पर इन मनगढ़त, झूठी, अप्रमाणित शिकायतों, ईमेल, ट्वीट आदि के आधार पर जौहरी के खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई करने की जरूरत नहीं है। वीना ने निष्कर्ष दिया कि एक मौके पर जौहरी का बर्ताव गैरपेशेवर और अनुचित था, लेकिन उन्होंने इस अधिकारी को यौन उत्पीड़न का दोषी नहीं पाया। उन्होंने कहा कि बर्मिंघम में आचरण और मिस एक्स की शिकायत को ध्यान में रखते हुए और समिति को सौंपी गई तस्वीरों के संदर्भ में समिति के समक्ष उनके आचरण को देखते हुए यह जरूरी है कि जौहरी किसी तरह की लैंगिक संवेदनशील काउंसलिंग या ट्रेनिंग से गुजरें। उधर, जौहरी ने इस फैसले के बाद बुधवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि मैं राहत महसूस कर रहा हूं और मेरा हमेशा से भगवान पर भरोसा था कि मैं इस मामले से पाक साफ होकर निकलूंगा। मेरे सहयोगी कर्मचारियों ने मेरा तहे दिल से स्वागत किया।

# चाइना को चमकाएगा चीनी सूरज! -दुनिया के लिए खड़ा होगा खतरा

**मुंबई :** तकनीक के मामले में चीन काफी आगे निकल चुका है। वह ऐसी-ऐसी चीजें बना रहा है जिसे देखकर लोग दांतों तले उंगलियां दबा लेते हैं। अब जब यह कहा जाए कि चीन एक नया सूरज बनाने की कोशिश में जुटा हुआ है तो आश्चर्य का होना स्वाभाविक ही है। पर यह सच है। चीन के वैज्ञानिक स्वच्छ ऊर्जा पैदा करने के मकसद से एक कृत्रिम सूरज बनाने की तैयारी में हैं। यह असली सूरज के मुकाबले ६ गुना ज्यादा गरम होगा। जहां असली सूरज का कोर करीब १.५० करोड़ डिग्री सेल्सियस तक गरम होता है, वहीं चीन का यह नया सूरज १० करोड़ डिग्री सेल्सियस तक की गरमी पैदा कर सकेगा। चीन की एकेडमी ऑफ साइंस से जुड़े इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज्मा फिजिक्स के मुताबिक कृत्रिम सूरज की टेस्टिंग जारी है। इसे ईस्ट (एक्सपेरिमेंटल एडवांस्ड सुपरकंडक्टिंग टोकामक) नाम दिया



गया है। इसे बिल्कुल असली सूरज की तरह डिजाइन किया गया है। यह सौर मंडल के मध्य में स्थित किसी तारे की तरह ही ऊर्जा का भंडार उपलब्ध कराएगा।

**'परमाणु विखंडन' से बनेगा चीनी सूरज**

चीन आजकल एक कृत्रिम सूरज बनाने में जुटा हुआ है। यह कृत्रिम सूरज असली सूरज के मुकाबले ६ गुना ज्यादा गर्मी पैदा करने में सक्षम होगा। चीन ने हाल ही में इसका परीक्षण भी किया है। यह कृत्रिम सूरज असल में एक मशीन है, जिसे 'ईस्ट' नाम दिया गया है। इस मशीन का साइज बीच में खोखले गोल बॉक्स (डोनट) की तरह है। इसमें न्यूक्लियर फ्यूजन (परमाणु के विखंडन) के जरिए गरमी पैदा की जा सकती है।

चीन के इस कृत्रिम सूरज को भविष्य की ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया जा रहा है। हालांकि, इसे एक दिन के लिए चालू करने का खर्च १५ हजार डॉलर (करीब ११ लाख रुपए) है। फिलहाल इस मशीन को चीन के अन्हुई प्रांत स्थित साइंस द्वीप में रखा गया है। ईस्ट को मुख्य तौर पर न्यूक्लियर फ्यूजन के पीछे का विज्ञान समझने और उसे पृथ्वी पर ऊर्जा के नए विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए बनाया गया है। आनेवाले समय में यह तकनीक स्वच्छ ऊर्जा पैदा करने का अहम स्त्रोत साबित हो सकती है। दरअसल, दुनिया में इस वक्त न्यूक्लियर फिजन (परमाणु संलयन) के जरिए ऊर्जा पैदा की जा रही है। हालांकि इसकी वजह से पैदा होने वाला जहरीला न्यूक्लियर कचरा इंसानों के लिए काफी खतरनाक है।


# 'गुटखा' पुलिंग! स्टेशन आने के पहले ही माल लंपास

**मुंबई :** आमतौर पर आपातकालीन स्थिति में ट्रेन को रोकने के लिए जंजीर लगी होती है लेकिन इस जंजीर का गलत इस्तेमाल गुटखा माफिया कर रहे हैं। इन दिनों मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में गुटखा पुलिंग हो रही है। जी हां, आपने सही पढ़ा। गुटखा माफिया अन्य राज्यों से ट्रेन के जरिए गुटखा मुंबई में ला रहे हैं। ये माफिया टर्मिनस पर गुटखा पकड़े जाने के डर से छोटे स्टेशन पर 'गुटखा' पुलिंग यानी 'चेन पुलिंग' कर पार्सल गिरा देते हैं। इस गुटखा पुलिंग में पश्चिम रेलवे आरपीएफ ने कुछ गुटखा माफिया को पकड़ा है। महाराष्ट्र में गुटखा की बिक्री पर पाबंदी है लेकिन यहां गुटखा की डिमांड काफी जोरों पर है। गुटखा हर हाल में मुंबई की चौखट पर दाखिल जो जाए इसलिए माफिया




रेल परिचालन में बाधा लाने से भी नहीं चूक रहे हैं। गुटखा अब पार्सल डिब्बे में नहीं बल्कि रेल के सामान्य डिब्बों में लाया जा रहा है ताकि जहां चाहा वहां बंडल गिराकर पुलिस की पकड़ से बचा जा सके। गुटखे के बंडल को गिराने के लिए गुटखा माफिया चेन पुलिंग का सहारा ले रहे हैं। गुटखा माफियाओं के इस तरकीब का खुलासा हाल ही में पश्चिम रेलवे में हुई चेन पुलिंग की कुछ घटनाओं से हुआ है। पश्चिम रेलवे आरपीएफ के अनुसार रविवार की रात करीब साढ़े ११ बजे ट्रेन संख्या १९०६२ रामनगर- बांद्रा एक्सप्रेस जैसे ही सांताक्रुज स्टेशन पहुंची, वैसे ही चैन पुलिंग हो गई। चेन पुलिंग होते ही आरपीएफ के जवान प्लेटफॉर्म पर पहुंच गए तो पता चला कि एक शख्स कुछ पार्सल लेकर जा रहा है। जब उस शख्स से पूछताछ की गई तो पता चला कि उसका नाम चंद्रकांत पांडेय (४४) है। जब उसके पार्सल की जांच की गई तो उसमें मिराज, विमल, बाबा पान मसाला, गुटखा और तंबाकू मिले। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बांद्रा टर्मिनस पर सुरक्षा कड़ी होने के चलते पकड़े जाने के डर से चेन पुलिंग कर पार्सल नीचे फेंक दिया ताकि पुलिस से बचा जा सके। इस मामले में आरोपी के खिलाफ बांद्रा जीआरपी में मामला दर्ज किया गया है।

# पूनम पांडे ने पार की BOLDNESS की सारी हदें



**शाहीन सय्यद**

पूनम पांडे अपनी बोल्डनेस के लिए फैन्स के बीच काफी पॉपुलर है. वह अक्सर सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं, जिनमें उनका हॉट अवतार देखा जा सकता है. सोशल मीडिया पर लाइव सेशन के दौरान भी वह कई बार हॉट अवतार में नजर आती हैं. इस बार भी पूनम ने अपने इन्स्टाग्राम अकाउंट पर एक हॉट वीडियो शेयर किया है. जब आप इस वीडियो को देखेंगे, तब आपके भी पसीने छूट जाएंगे. पूनम ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि, 'यह सिर्फ एक टीजर है. मेरा पूरा स्ट्रिप वीडियो मेरी ऐप पर उपलब्ध है. 'पूनम ने आगे लिखा कि, 'जाकर वीडियो को डाउनलोड करें.' अब पूनम इन वीडियोज द्वारा सोशल मीडिया पर अपनी ऐप का प्रचार भी कर रही हैं. सोशल मीडिया यूजर्स ने पूनम पांडे की वीडियो पर कई कमेंट्स भी किए हैं. बता दें कि पूनम हाल ही में फिल्म 'द जर्नी ऑफ कर्मा' में नजर आई थी. इस फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी थी क्योंकि इसमें पूनम ६६ वर्षीय शक्ति कपूर के रोमांस करती हुई दिखी थी. फिल्म में कई बोल्ड सीन्स थे. फिल्म का निर्देशन शिवेंद्र दहिया ने किया था. यह फिल्म २६ अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी.

## पूर्व नगरसेवक पर गबन का आरोप

**ठाणे:** ठाणे मनपा के पूर्व नगरसेवक और शहर एनसीपी के पूर्व अध्यक्ष पर भिवंडी स्थित श्रीब्रजेश्वरी योगिनी देवी मंदिर संस्थान के करीब सवा तीन करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। संस्थान की तरफ से ठाणे ग्रामीण पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को पत्र देकर मामला दर्ज कर जांच की मांग की गई है। संस्थान के चेयरमैन कल्पेश पाटील तथा संरक्षक अविनाश राउत ने पत्र में कहा कि आरोपी मनोज अनिल प्रधान ने मंदिर के रुपये के एफडी करने कहा, लेकिन उन्होंने बैंक में न रखकर गबन किया। उन्होंने मंदिर को एफडी फर्जी रसीद भी दे दी। बता दें कि मनोज प्रधान विधायक जितेंद्र आह्वाड के करीबी हैं।

## भिवंडी के पावरलूम में भीषण आग

**भिवंडी:** भिवंडी के शांतिनगर रोड स्थित सत्तार मेडिकल स्टोर के पीछे मंसूर अहमद अंसारी के पावरलूम कारखाने में आग लगा गई। कारखाने में कपड़ा भरा होने के कारण आग लगते ही पूरा कारखाना खाक हो गया। आग से लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने की सूचना अग्निशमन दल को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए और लगभग चार घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## एटीएम कार्ड बदलकर सवा लाख उड़ाए

**भिवंडी:** एटीएम से पैसा निकालने के लिए गए एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदल कर ३ आरोपियों ने सवा लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस के अनुसार, ओवली गांव के गणेश जोशी (५२) कामतघर के हनुमान नगर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गए थे। जहां मौजूद तीन लोगों ने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और एक लाख २० हजार रुपये निकाल लिए।

## भिवंडी में ४ वर्षीय बच्ची का अपहरण

**भिवंडी:** भिवंडी में ४ साल की बच्ची के अपहरण की खबर है। पुलिस के अनुसार, पद्मानगर के दीपिका बार के पास शंकर मंदिर के मंजू (४) बच्ची घर के सामने खेल रही थी। खेलते समय वह सुबह लगभग साढ़े ११ बजे वह अचानक गायब हो गई। जब काफी देर तक वह दिखाई नहीं दी, तो उसकी मां विजयालक्ष्मी ने उसकी तलाश की। बच्ची के न मिलने पर मां ने भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

## सातवीं मंजिल से गिरकर बच्ची की मौत

**नालासोपारा:** नालासोपारा (पश्चिम) की एक इमारत की सातवीं मंजिल से गिरकर १ साल की बच्ची की मौत हो गई। यशवंत गौरव कॉम्प्लेक्स की संदीप हाइट्स इमारत में संदीप हाइट्स के फ्लैट नंबर ७०७ में सुदाम कुमार (३५) पत्नी के साथ रहते हैं। उनकी १ साल की बच्ची प्रियल खिड़की के पास खेल रही थी। तभी वह ग्रिल पर चढ़ गई और उसका पैर फिसल गया। नीचे गिरने से अस्पताल ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई।

## नगरसेवक बताकर अंगूठी लेकर फरार

**भिवंडी :** भिवंडी के कल्याण नाका से पद्मानगर स्थित अपने दोस्त के घर जा रहे मुंबई के एक व्यक्ति से खुद नगरसेवक बताकर एक व्यक्ति अंगूठी सहित चार सौ रुपये लेकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, वरली के सतीश कटुकम पद्मानगर स्थित गणेश टॉकीज के पास रहने वाले अपने दोस्त भूमेश्वर कुंडार के यहां जा रहा था। वह कल्याण नाका से थोड़ी दूर निकला ही था कि एक युवक उनके पास आया और खुद को नगरसेवक बताया। उसने कहा कि आगे जाम है और उसके साथ चले। आगे जाते ही उसने सतीश की सोने की अंगूठी एवं चार सौ रुपये लिए और फरार हो गया।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**मुंबई :** नवलगढ़ नागरिक संघ ने २५ नवंबर को दुर्गा देवी सराफ हॉल, सराफ कॉलेज, मालाड में दिवाली स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया है। इस अवसर पर एक अखिल भारतीय हास्य व्यंग कवि सम्मेलन भी होगा, जिसका संचालन हास्य कवि सुभाष काबरा करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक एवं ट्रस्टी दीनदयाल मुरारका से संस्था अध्यक्ष राम प्रकाश बूबना एवं सचिव कैलाश परसरामपुरिया ने यह जानकारी दी।

# दो सहेलियों ने सेल्फी लीं, वॉट्सऐप पर डीपी लगाई और फिर कुएं में लगा दी छलांग, मौत

**मुंबई,** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के आरे कॉलोनी स्थित कुएं में मंगलवार को १७ वर्षीय दो युवतियों ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले दोनों सहेलियों ने कुएं के पास सेल्फी ली और इसे अपने वॉट्सऐप पर डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) बनाई। दोनों युवतियों के मोबाइल फोन, पायल, चप्पलें कुएं के बाहर मिली हैं। इससे पुलिस को संदेह है कि दोनों ने आत्महत्या की है। हालांकि पुलिस को कोई भी सुइसाइड नोट नहीं मिला है। यह कुआं बीते दो वर्षों में छह लोगों की जान ले चुका है। मीनाक्षी और सोनाली आरे के आदिवासी इलाके में रहती थीं और दोनों सहेलियां थीं। दोनों के माता-पिता आजीविका के लिए चावल उगाने और बेचने का काम करते हैं। वे दोनों गोरेगांव स्थित एक जूनियर कॉलेज में पढ़ती थीं। मीनाक्षी कक्षा आठ में पढ़ती थी जबकि सोनाली ने आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और सिलाई का काम करने लगी थी। मंगलवार को दोनों ने अपने परिजनों को बिना बताए घर छोड़ दिया। सोनाली के पिता ने बताया, 'शाम को लगभग चार बजे एक जानने वाले लड़के ने दोनों को कुएं के पास देखा लेकिन लड़कियों ने उसे मना कर दिया कि वह घर में उनके बारे में किसी को कुछ न बताए।' बताया जा रहा है कि सोनाली के एक लड़के साथ साथ अफेयर था।



छलांग लगाने से पहले उसने अपने प्रेमी को फोन किया और आत्महत्या की बात कही। इसके बाद लड़की के बॉयफ्रेंड ने तत्काल लड़की के भाई को फोन करके इसकी सूचना दी। वे लोग तुरंत भागकर कुएं के पास पहुंचे लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनों लड़कियों के परिजनों और दोस्तों का कहना है कि उन्होंने ऐसा कदम क्यों उठाया किसी को भी जानकारी नहीं है। दोनों के अंदर न तो कोई तनाव दिखा था न ही कोई परिवर्तन ऐसे में आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। सोनाली के पिता ने बताया, 'सोमवार की रात को सोनाली ने मुझसे कहा कि उसने टीवी शो में पांच ड्रेसेस देखीं है उसे वह ड्रेसेस चाहिए। मैंने उसके लिए पांचों ड्रेस का ऑर्डर कर दिया। कपड़े दो-चार दिनों में आ जाएंगे लेकिन मेरी बेटी अब उन्हें पहनने के लिए जिंदा नहीं है। सीनियर पीआई विजयलक्ष्मी हीरेमठ ने बताया कि परिजन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अग्निशमन विभाग की मदद से उक्त कुंए से दोनों लड़कियों को निकाल कर गोरेगांव स्थित सिद्धार्थ अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मरने से पहले दोनों ने वॉट्सऐप पर की गई सारी चैट हिस्ट्री डिलीट कर दी हैं।

## अंग्रेजों के जमाने वाले इस कुंए में हो रही मौतों का जिम्मेदार कौन है?

**अंग्रेजी हुकूमत ने १८७३ में आरे कॉलोनी में रहने वाले आदिवासियों एवं उनके पशुओं के लिए विश्व बावड़ी नाम से एक विशाल कुंए का निर्माण कराया था। इसके सहारे हजारों लोगों की जिंदगी बसर होती थी। मगर, सरकारी उदासीनता के चलते आज यह कुआं मौत का कुआं बन गया है। यहां आए दिन किसी न किसी की डूबकर मौत होने की खबर मिलते रहती है। अब तो यह खुदकुशी का अड्डा भी बनता जा रहा है। स्थानीय लोग इसे आरे डेयरी प्रशासन का बता रहे हैं, जो इस गहरे मौत के कुंए की टूटफूट चुकी सुरक्षा दीवार की मरम्मत नहीं कर रहा है। कुंए पर लोहे की जाली भी नहीं लगी है। इससे पहले भी ४ बच्चे इस कुंए में डूबकर मर चुके हैं। सीनियर पीआई हीरेमठ का कहना है कि उन्होंने आरे प्रशासन को ४ से ५ बार लिखित तौर पर कुंए की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने संबंधी पत्र लिखा है। मगर, किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती है। गौरतलब है कि सितंबर में विलेपार्ले में वटसावित्री त्योहार के दौरान कुंए की जाली टूटने से ४ महिलाओं की मौत हो गई थी, जबकि १२ लोग घायल हो गए थे।**

# #MeToo: आलोक नाथ के खिलाफ मुंबई पुलिस ने दर्ज किया रेप का मुकदमा



भारत में छिड़ी शऊदद मुहिम में बड़ा अपडेट है। यौन शोषण के बाकी आरोपपियों के बीच टीवी ऐक्टर आलोक नाथ की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। उन पर मुंबई पुलिस ने रेप का केस दर्ज कर लिया है। बता दें मीटू मुहिम में कई महिलाएं अपने साथ हुए यौन शोषण की कहानियां लेकर सामने आई थीं।

इन्हीं में से राइटर विंता नंदा ने आलोक नाथ पर रेप का आरोप लगाया था। इसी मामले में मुंबई पुलिस ने आलोक नाथ के खिलाफ इंडियन पैनल कोड के सेक्शन ३७६ के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। विंता ने शिकायत की थी कि १९ साल पहले उन्हें ड्रग्स देकर आलोक नाथ ने उनके साथ रेप किया था। दोनों उस वक्त एक टेलिविजन शो के लिए साथ काम कर रहे थे। विंता ने ८ अक्टूबर को फेसबुक पोस्ट के जरिये यह कहानी लोगों तक पहुंचाई थी। उन्होंने लिखा था कि पार्टी के दौरान उनके ड्रिंक में कुछ मिला दिया गया था। उनकी हालत बिगड़ने लगी तो वह घर के लिए निकलीं। आलोक ने उन्हें घर छोड़ने की बात कही लेकिन वह उन्हें घर ले जाने के बजाय किसी अनजान जगह ले गए और उनका रेप किया। इस आरोप के बाद आलोक की वाइफ ने मानहानि का मुकदमा किया था जिसे बॉम्बे सिटी सिविल और सेशन कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

# सलमान खान के फैन ने स्टाफ को दी धमकी, प्रयागराज से हुआ गिरफ्तार

**सुमन मौर्या**

**मुंबई :** ऐक्टर्स अक्सर कहते हैं कि वह जो कुछ भी हैं अपने फैन्स की वजह से हैं। फैन्स के प्यार ने ही उन्हें स्टार बनाया है। लेकिन कभी-कभी फैन्स का प्यार सनक बन जाता है और ऐक्टर्स को इससे खासा मुश्किल का सामना करना पड़ता है। हाल ही में कुछ ऐसा ही सलमान खान के साथ भी हुआ। हालांकि. फैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी कर लिया है। दरअसल, सलमान खान का एक फैन उनके स्टाफ से सलमान का नंबर मांगने पर अड़ गया था। उसने अपना नाम शेरा बताया था। शेरा ने सलमान के स्टाफ से नंबर मांगा। जब स्टाफ ने इसके लिए मना कर दिया तो उसने स्टाफ को धमकी भी दी। दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद सलमान के स्टाफ ने शेरा के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई। पुलिस ने शेरा का नंबर ट्रेस कर लिया। पुलिस ने रविवार शाम उसे प्रयागराज से गिरफ्तार किया और पूछताछ के लिए मुंबई ले आई। इन दिनों सलमान खान अपनी अगली फिल्म 'भारत' की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में वह पंजाब में फिल्म की शूटिंग खत्म करके मुंबई वापस लौटे हैं। इस फिल्म में सलमान के अलावा कटरीना कैफ, तब्बू, दिशा पाटनी, सुनील ग्रोवर और जैकी श्रॉफ भी दिखाई देंगे।






# सड़क किनारे नवजात की लाश नोचता रहा कुत्ता, लोग वीडियो बनाते रहे

**बिहार,** बिहार के समस्तीपुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. जिसमें सड़क किनारे एक नवजात के शव को आवारा कुत्ता नोच-नोचकर खा गया. वहीं, इस दौरान वहां खड़े लोगों ने भी इंसानियत को तार-तार कर दिया. उन लोगों ने इस भयानक घटना को देखा, लेकिन कुत्ते को भगाने के लिए कोई भी आगे नहीं आया. जबकि कुछ लोगों ने इस घटना को अपने फोन में रिकॉर्ड कर लिया. जानकारी के मुताबिक, ये वाकया नगर थाना इलाके के सर्किट हाउस के नजदीक का है. यहां सड़क पर एक कुत्ता नवजात के शव को नोचता रहा और राह से गुजर रहे लोग लोगों में से किसी ने भी कुत्ते को भगाने की जहमत नहीं उठाई.उलटे लोग इस खौफनाक और हिलाकर रख देने वाले दृश्य को अपने मोबाइल के कैमरों में कैद करने में मशगूल देखे गए. आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि बच्चे का शव यहां कैसे आया या उसे कौन फेंककर चला गया किसी को भी कोई जानकारी नहीं है.बताते चलें कि ऐसी कई घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं. कुछ महीने पहले ही यूपी के बरेली के जिला अस्पताल में नवजात बच्ची के शव को आवारा कुत्ते नोच-नोच कर खा गए थे. अस्पताल के स्टाफ ने बच्ची के शव को बचाने की जहमत तक नहीं उठाई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक शव गायब था.

वहीं, इस साल के सिंतबर में ही यूपी के बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के अस्पताल में एक नवजात बच्चे का कटा सिर कुत्ता मुंह में लेकर घूमता दिखाई दिया था. जब इसकी जानकारी ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को दी गई तो वो मौके पर पहुंचे. तभी अस्पताल में भर्ती बच्चों के साथ आए परिजनों ने शोर मचाया तो कुत्ता सिर छोड़कर भाग गया.

# पुणे में दहशत का माहौल, एक ही दिन में तीन गोलीबारी की घटना, एक महिला की मौत



**पुणे :** पुणे शहर में फिलहाल काफी गुंडागर्दी देखने को मिल रही है, क्योंकि, एक ही दिन में तीन-तीन गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं। पहली घटना में पुणे के चंदन नगर के आनंद पार्क पर इंद्रायणी सोसायटी में बुधवार सुबह कुछ अज्ञात लोगों ने घर में घूसकर एक महिला पर गोलियां चलाईं। इस गोलीबारी में महिला की मौत हो गयी। वहीं पुणे के ही कोंढवा में गणेश ज्वेलर्स के यहां चोरी करने आये चार लोगों ने गोलीबारी की, जिसमें एक कर्मचारी घायल हो गया। यह घटना दोपहर के २ बजे हुई। तो शाम के पांच बजे पुणे रेलवे स्टेशन पर एक संदिग्ध ने क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी पर गोलियां चलाईं।


**पहली घटना:** एकता ब्रजेश भाटी महिला के घर में सुबह ९ बजे दो अज्ञात व्यक्ति अचानक से घुस गए। घर में घुसते ही इन दोनों ने महिला पर गोलियां चला दीं। जिसके बाद हमलावर वहां से भाग निकले। इस हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल नजदीक के अस्पताल में दाखिल किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हमले की जानकारी मिलते ही चंदन नगर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने परिसर के सभी सीसीटीवी फुटेज भी चेक करना शुरू कर दिया है। इसी मामले में महिला के पति को फिलहाल पुलिस ने हिरासत में लिया है।

**दूसरी घटना :** चंदननगर की घटना को कुछ घंटे भी नहीं हुए थे कि वहीं दूसरी गोलीबारी की घटना घटी। दोपहर २ बजे के करीब कोंढवा के येवले वाडी पर गणेश ज्वेलर्स के दुकान में आए चार लोगों ने अचानक से गोलीबारी की। इसमें यहां का एक कर्मचारी आम्रत परिहार (उम्र ३० साल) घायल हुआ है। चोरी के उद्देश्य से ही दुकान में गोलीबारी की गई, ऐसे प्राथमिक जांच में सामने आया है। हालांकि चोरों के हाथ कुछ भी नहीं लग पाया। फिलहाल घायल हुए कर्मचारी का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**तीसरी घटना :** पुणे के क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी पर पुणे रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति ने गोली चला दी। इस हमले में पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया।हमलावर ने पुलिस अधिकारी पर तीन गोलियां चलाईं। हमले के बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में दाखिल कराया गया। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही हैं।

# पटना से जुड़े मुंगेर में AK-४७ बरामदगी के तार, पुलिस का जवान गिरफ्तार

**पटना,** मुंगेर से २० एके-४७ की बरामदगी के तार अब राजधानी पटना से भी जुड़ गए हैं. इस मामले में पुलिस ने बुधवार को पुलिस लाइन में छापेमारी की और धर्मवीर कुमार नाम के एक जवान को गिरफ्तार कर लिया.




AK-४७ बरामदगी मामले में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें से एक से मिली जानकारी के आधार पर मुंगेर पुलिस बुधवार को पटना पहुंची और उन्होंने एसएसपी मनु महाराज को इससे अवगत कराया. इसके बाद पटना पुलिस की मदद से मुंगेर पुलिस ने पुलिस लाइंस में छापेमारी की और धर्मवीर कुमार को गिरफ्तार किया.

मूल रूप से खगड़िया निवासी धर्मवीर के ऊपर आरोप है कि उसने अवैध तरीके से हथियार तस्कर गिरोह से AK -४७ केवल ?५० हजार में खरीदा था. सूत्रों के मुताबिक धर्मवीर कुमार के तार भी हथियार तस्कर गिरोह से जुड़े हुए हैं. मुंगेर पुलिस का मानना है कि इस गिरोह में और भी पुलिस के जवान शामिल हो सकते हैं जिनकी तलाश की जा रही है.धर्मवीर कुमार को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उसे मुंगेर ले गई.

दरअसल, पिछले दिनों मुंगेर पुलिस ने हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया जिसमें इस बात का खुलासा हुआ कि कैसे यह गिरोह मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थित आर्मी आर्डिनेंस डिपो से एके-४७ चुराकर मुंगेर लाया करते थे और फिर उसे आगे नक्सलियों और अपराधियों को बेच दिया करते थे. इस गिरोह के भंडाफोड़ होने के बाद मुंगेर पुलिस ने शहर के कई इलाकों में छापेमारी की तथा नदी के अंदर से, कुवैत से और जमीन में छुपा कर रखे गए २०AK-४७ बरामद किया. इस पूरे मामले में बिहार और मध्य प्रदेश समेत तकरीबन दो दर्जन लोग इस पूरे गिरोह का सरगना मंजर आलम को पिछले दिनों पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया था. बताया जा रहा है कि २०१२ से लेकर अब तक मध्य प्रदेश के आर्मी ऑर्डिनेंस डिपो से ६० से ७० एके-४७ गायब हुए हैं. मुंगेर पुलिस ने २०AK४७ तो बरामद कर लिया है और बाकी की तलाश की जा रही है.

# बेरोजगारी से तंग आकर ४ युवकों ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग, ३ की मौत

**राजस्थान,** राजस्थान में बेरोजगारी का भयावह चेहरा सामने आया है, जहां नौकरी नहीं मिलने से हताश ४ युवक जान देने के लिए ट्रेन के आगे कूद गए. इनमें से ३ की जान चली गई. चश्मदीदों के मुताबिक आत्महत्या करने जा रहे युवकों ने कहा कि नौकरी लगेगी नहीं, तो फिर जीवित रह कर क्या करेंगे?



सूबे के अलवर शहर में बुधवार को ६ दोस्तों ने नौकरी नहीं मिलने से परेशान होकर जान देने की प्लानिंग बनाई. इसके बाद चार लोग शहर के एफसीआई गोदाम के पास ट्रेन के आगे कूद गए. इनमें से ३ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया. बाकी दो दोस्तों ने अंतिम समय में आत्महत्या के लिए ट्रेन के आगे कूदने का फैसला बदल दिया, जिसके चलते उनकी जान बच गई.

इन्होंने बताया कि आत्महत्या से पहले सभी का कहना था कि नौकरी तो लगेगी नहीं, जिसके चलते जिंदगी गुजारना मुश्किल है. ऐसे में जीवित रह कर क्या करेंगे? पुलिस इन दोनों से अभी पूछताछ कर रही है. आत्महत्या करने वाले युवकों में से एक सत्यनारायण मीणा ने घटना से कुछ घंटे पहले अपने फेसबुक अकाउंट पर हत्या का वीडियो- 'माही द किलर' को अपलोड किया था. इस वीडियो में युवक की हत्या का दृश्य है.

एसपी राजेंद्र सिंह के मुताबिक रानी के बालो को कलां निवासी २४ वर्षीय मनोज मीणा, बुचीपुरी निवासी २२ वर्षीय सत्य नारायण मीणा, बरेला निवासी १७ वर्षीय राज मीणा, टोडाभीम के खेड़ी निवासी २२ वर्षीय अभिषेक मीणा सूबे के अलवर में पढ़ाई कर रहे थे. ये चारों दोस्त अपने दो अन्य दोस्त संतोष मीणा और राहुल मीणा के साथ मिलकर जिले के श्याम रेलवे ट्रैक के पास बैठकर बातें कर रहे थे. इस दौरान इन सभी ६ लोगों के दिमाग में यह बात आई कि बिना नौकरी के जिंदगी गुजारना मुश्किल है. लिहाजा मौत को गले लगा लेना अच्छा है. इसके बाद ४ दोस्तों ने यह दर्दनाक कदम उठा लिया. मामले में पुलिस का कहना है कि पूरे घटना की तफ्तीश जारी है.

# ईद मिलादुन्नबी २०१८ कार्यक्रम




ईद मिलादुन्नबी २०१८ मुम्बईकर विकास फाउंडेशन दुवारा एस.वि.रोड.जोगेश्वरी पश्चिम मैं बड़े धूम धाम से मनाया गया इस कार्यक्रम मैं लोगो को मुफ्त खाने की सामग्री बांटी गई, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय निरुपम (मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष) अशोक भाउ जाधव (पूर्व विधायक कांग्रेस ) फ़िरोज़ शाह (कांग्रेस पार्टी) आमिना सय्यद ( उपाध्यक्ष-समाजवादी पार्टी मुंबई महिला विभाग), मिया कश्मीरी (कांग्रेस पार्टी ) असग़र शाह ( जुल्म के खिलाफ आवाज़ समाचार पत्र संपादक),सीताराम फंड (सहायक पुलिस निरीक्षक ओशिवरा पुलिस स्टेशन) थे. इस कार्यक्रम के आयोजक अब्दुल समद (अध्यक्ष-मुम्बईकर विकास फाउंडेशन संस्था), सुफियान मिस्त्री (महासचिव मुंबई विकास फाउंडेशन संस्था) नावेद पटेल (उपाध्यक्ष मुम्बईकर विकास फाउंडेशन संस्था ) व अन्य कार्यकर्ता थे. अब्दुल समद ने सभी मेहमानो व कार्यकर्ता का शुक्रिया अदा करते हुए कहा की बगैर आप के ये कार्यक्रम सफल नहीं हो पाता!



इदिनस सिरातल मुस्तक़ीम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा ईद मिलादुन्नबी २०१८ एस.वी.रोड जोगेश्वरी पश्चिम में मनाया गया. इस कार्यक्रम के आयोजक हनीफ मेमन, गनी ऐबानी, मुख्तार मंडई, कलीम व अन्य कार्यकर्ता थे. इस कार्यक्रम में जुलूस में आए लोगों को खाने की सामग्री मुफ्त वितरण की गई!

## लोगों के एक्ट्रा कपड़े बने गरीबों व जरूरतमंद के लिए सर्दी के तोहफे



: इस सर्दी में हकीकत माइनोरिटी वेलफेयर सोसायटी की जानिब से दो चरणों में दिनांक २१-१०-२०१८ एवं ३०-१०-२०१८ तक दिनांक ०१-११-२०१८ से १५-११-२०१८ तक शहर रामपुर से मुख्तलिफ लोगों द्वारा अपने एक्स्ट्रा कपड़े सोसायटी को दिए जाने हेतु अपील की गई, जिसके बाद लोगों द्वारा सोसायटी को कपड़े दिये गये, तथा हकीकत टीम ने भी लोगों से कपड़े इकट्ठा किए। सोसायटी के जरिए ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जरूरतमंदों को उनके घर पर जाकर कपड़े भी दिए तथा दिनांक २२-११-२०१८ को मान्यवर काशीराम कालोनी, पहाडी गेट, रामपुर में एक दिन का कैम्प लगाया गया। जिसमें ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद एवं गरीब, बच्चों, महिलाओं और मुख्तलिफ लोगों ने कैम्प में आकर अपने मनपसंद कपड़े पहनकर लोगों को दुआएं दीं।

इस मौके पर गुलाम यासीन, खालिद अत्तारी, गुड्डू पठान, नाहिद, महमूद अत्तारी, सैयद नसीम साहब, दिल्लन खां भारत साहब आशिक अली, अरशद आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## आपकी आवाज फाउंडेशन का ८वां महाराष्ट्र रत्न अवार्ड संपन्न



**मुंबई,** आपकी आवाज फाउंडेशन द्वारा ८वां महाराष्ट्र रत्न अवार्ड शो बांद्रा रंग शारदा हॉल में हालही में किया गया. इस अवार्ड शो में मुख्य अतिथि गुरुजी कुमारन स्वामी। राज्य मंत्री श्री अमर सिंह जी व विशेष अतिथि के रूप में झारखण्ड के राज्य मंत्री श्री अमर बाउरी और नीलकंठ सिंह मुंडा जी के हाथों से बॉलीवुड के प्लेबॅक सिंगर उषा मंगेशकर।

शब्बिर कुमार, उत्तरा केलकर, राम शंकर, टीना घाई , बॉलीवुड के एक्टर और एक्ट्रेस में दीपक परासर, अंनग देसाई, प्रेम चोपडा, आरती छाबडिया, रागिनी खन्ना, कामिनी खन्ना,पुष्पा तिवारी, बीना बेनर्जी, साथ ही साथ पॉलिटीकल में श्री हैदर आजम, सायरा खान, गुलनिसार खान, मोरिस केनी, स्टेफी मोरिस केनी, संगीता संजय सुतार, फिल्म डायरेक्टर पहलाज नेहलानी, इकबाल दुरानी, बी एन तिवारी, कोरियोग्राफर संदीप माथो, ग्लोबल एडवटाईज़र्स के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव गुप्ता, नागरिक सेवा प्रतिष्ठान के चेयरमैन नरेंद्र प्रताप सिंह, सभी को महाराष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक आपकी आवाज फाउंडेशन के चेयरमैन अजम गोस्वामी ने और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुरली पानीचकर, मौली गोस्वामी, अफजल खान, पुष्पा तिवारी, ब्रिशब गोस्वामी ने कड़ी मेहनत की।

## भव्य इस्लामिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में तारिक अनवर ने किया शिरकत



गत दिनांक १३ नवंबर २०१८ को पूर्व सांसद तारीक अनवर इस्लामिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत किये. कार्यक्रम के आयोजक मो.शहेयार अली खान पूर्व राकांपा अध्यक्ष - तेलंगाना, भारती चौहान -ऑल इंडिया महिला सभा प्रेसिडेंट,आर. सी. कुंडिया जी तेलंगाना शहर -कांग्रेस, डीआईजी -दिल्ली- तहा फ़ैज़ी उर्दू प्रेस क्लब, हदी हुसैन (एम डी २४७ ब्रेकिंग न्यूज- हैदराबाद) के साथ साथ कई राजनैतिक, सामाजिक व मीडिया के प्रमुख लोगों की मौजूदगी में भव्य इस्लामिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## अफगानिस्तान में धार्मिक सभा में विस्फोट में ५० की मौत



**काबुल :** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शीर्ष मौलवियों की एक सभा में मंगलवार को विस्फोट में ५० लोगों की मौत हो गई। पिछले कुछ महीनों में काबुल में यह सबसे घातक हमला है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता वाहिद मजरूह ने बताया कि विस्फोट में ६० अन्य लोग घायल हो गए।

पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन के मौके पर एक विवाह हॉल में आयोजित उलेमा परिषद की एक सभा को निशाना बनाया गया। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नजीब दानिश ने बताया, 'शुरुआती सूचना के अनुसार इस घटना को आत्मघाती हमलावर ने अंजाम दिया है।'

उरानस वेडिंग पैलेस के एक प्रबंधक ने एएफपी को बताया कि एक आत्मघाती हमलावर ने सभा के बीच विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया। उन्होंने एएफपी को बताया, 'हमले में कई लोग हताहत हुए हैं।'

## एक महिला और एक पुरुष डॉक्टर गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल की शिकायत पर अग्रिपाड़ा पुलिस ने एक महिला और एक पुरुष डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। दोनों पर फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर लोगों का इलाज करने का आरोप है। गिरफ्तार किए गए दोनों फर्जी डॉक्टरों के नाम स्नेहल ज्ञाती और साजिद सुबेदार हैं।

## सीमा सड़क संगठन के मजदूरों ने दिल्ली के जंतर मंतर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया



**नई दिल्ली:** पूर्वोत्तर राज्यों में सीमावर्ती इलाकों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की सड़क निर्माण परियोजनाओं में लगे मजदूरों की दयनीय कार्यदशा की ओर एक श्रमिक संगठन ने केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है तथा मजदूरों का हित सुनिश्चत करने की मांग की है।

बीआरओ लेबर्रस यूनियन (बीआरओ-एलयु ) ने आज दिल्ली के जंतर मंतर में ४८ घंटे का भूख हड़ताल का पहला दिन पूर्ण किया । जिसमे महिलाओं ने अपने पारम्परिक भेषभूषा के साथ भूख हड़ताल में शामिल हुए । भूख हड़ताल किया जिसमे संगठन ने अपने २७ दफा मांग को दोहराया हैं।

बीआरओ-एलओ के अध्यक्ष लेकी सेरिंग ने आधुनिक इंडिया को बताया कि उनका संगठन सीमा सड़क निर्माण से जुडे ५० हजार मजदूरों के हक़ की आवाज़ पिछले एक दशक से उठा रहा है लेकिन अभी तक बीआरओ, रक्षा-मंत्रालय और केंद्र सरकार ने आवश्यक कार्रवाई नहीं की है इसलिए दिल्ली में आकर भूख हड़ताल करने को मजबूर हुए हैं. उन्होंने बताया कि बीआरओ में कार्यरत मजदूरों को श्रम कानूनों में उल्लिखित वेतनमान, बोनस, ग्रेच्यूटी और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं है। सीमा सड़क निर्माण से जुड़े मजदूरों को फिलहाल माह में केवल दो छुट्टी है मिलती है। मजदूरों के बच्चों के लिए शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। साथ ही महिलाओं को मातृत्व अवकाश, कर्मचारी भविष्य नीधि जैसे तमात हक से वंचित रखा जा रहा है। यहां तक कि ये मजदूर इतने दुर्गम क्षेत्रों में काम करते हैं जहां कभी-कभी भोजन मयस्सर नहीं हो पाता । उन्होंने बताया कि बीआरओ-एलओ ने रक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में भी इस संबंध में अपनी बात रखी है। सभी मंत्रालयों ने मदद करने का आश्वासन दिया है। बीआरओ एक ओर जहां यह कहता है कि आप राष्ट्र निर्माण से जुड़े हैं वहीं दूसरी ओर उनकी कार्यदशा बेहतर बनाने की बात करता है।

आज भूख हड़ताल में कई स्लोगन देकर सरकार का जबरजस्त विरोध प्रदर्शन किया हैं । उन्होंने यह भी बताया कि इस भूख हड़ताल से भी सरकार ने अगर कोई जरुरी कदम नहीं उठाया तो इससे भी भयंकर आंदोलन करने के लिए वे मजबूर होंगे । यहा यह बताते चले कि बीआरओ रक्षा मंत्रालय के अधीन काम करता हैं। इस भूख हड़ताल में असम, अरुणाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बीआरओ श्रमिकों ने भाग लिया। इस भूख हड़ताल को बीआरओ लेबॉर यूनियन के कई कार्यकर्ता तथा अन्य सहयोगी संगठनो के कार्यकर्ताओ ने सम्बोधित किया।


मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी ( पश्चिम ), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह